# दिनांक 18.09.2025 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन" की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 18.09.2025 को "जल जीवन मिशन" की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :—

**1—मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2—अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।**
**3—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4—अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**5—जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**6—समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**7—प्रोजक्ट कोऑर्डिनेटर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**10—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**11—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)प्रयागराज।**
**13—टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयीः—

**1—<u>भूमि की उपलब्धता</u> :**

जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 17 स्थान पर स्थानीय अवरोध के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जिन 17 स्थान पर भूमि के कब्जे में विवाद है, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों से वार्ता कराकर निराकरण कराये।

**2—<u>जल जीवन मिशन फेज—2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 के कार्यों की समीक्षा—</u>**

जनपद में फेज—2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि माह सितंबर तक 650 ट्यूबवेल 229 ओवरहेड टैंक 430 पम्प हाउस पूर्ण करना था जिसके सापेक्ष 643 ट्यूबवेल 218 ओवरहेड टैंक और 419 पम्प हाउस पूर्ण किए इसी प्रकार माह सितंबर तक 334 जिंक एलम टैंक इंस्टॉलेशन और 302 सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण करना था जिसके सापेक्ष 325 जिंक एलम टैंक इंस्टॉलेशन और 296 सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण किया गया जिस पर कड़ी नाराजगी जताई गयी पी0एम0 एल0 एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया की माहवार लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि रेगुलर वाटर सप्लाई हेतु 212 योजनाओ का लक्ष्य माह सितम्बर में दिया गया था जिसके सापेक्ष 203 योजनाओ से सप्लाई किया जा रहा है जिसकी प्रगति धीमी है। पी0एम0 एल0 एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि बजट के इंतजार में प्रगति को धीमी या रोका न जाए निरंतर कार्य की प्रगति बढ़ाकर निर्धारित समय तक योजना पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए।
- पी0एम0 एल0 एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित करे कि जिन राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है वहां जलापूर्ति बाधित न हो। लीकेज समस्या आने पर उसका निस्तारण तत्काल कराया जाए साथ ही प्रयास किया जाए कि कम से कम 05 योजनाओं में माह के अंत तक जलापूर्ति शुरू की जा सके।

**3—"<u>जल जीवन मिशन फेज—4 सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजना (यमुना तथा गंगा)</u>**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**—जनपद में फेज—4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है। विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया, जोधपुर, राजस्थान को बारा व शंकरगढ़ ब्लाक आंवटित है जोकि पथरीली व पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण जल का संकट सबसे अधिक रहता है वहां कार्यरत कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया की अवर जलाशय (OHT) के कंपोनेंट व हाउस टैप कनेक्शन की प्रगति अत्यंत धीमी है, जो आपत्तिजनक है। पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया को निर्देशित किया गया कि बजट के इंतजार में कार्य की प्रगति इस प्रकार बाधित न की जाए साथ ही प्रत्येक कंपोनेंट में आपेक्षित सुधार लाया जाए और प्रयास किया जाए कि कार्य ससमय पूर्ण हो सके।

**(ब) <u>सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना</u>**—जनपद में फेज—4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है। जसके अन्तर्गत जी0 एम0मेसर्स गजा

जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि बजट के इंतजार में कार्य की प्रगति इस प्रकार बाधित न की जाए साथ ही प्रत्येक कंपोनेंट में आपेक्षित सुधार लाया जाए और प्रयास किया जाए कि कार्य ससमय पूर्ण हो सके।

- तीनों कार्यदायी संस्थाओ मेसर्स एल0 एण्ड टी0 में 565, मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 में 550 व मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया में 101 मजदूर कार्यरत पाए गए हैं इसमें सबसे अधिक कम मजदूर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0 के पास पाए गए तीनों फर्मों को निर्देशित किया गया की एक सप्ताह के अन्दर मजदूरों की संख्या में बढ़ोतरी कर प्रगति में अपेक्षित सुधार लाए साथ ही अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को अवगत भी कराये।

**4–सड़क पुर्नस्थापना–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 98.84 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 द्वारा 98.73 % रोड रेस्टोरेंट, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा 99.28 % रोड रेस्टोरेंट व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) हैदराबाद द्वारा 98.52 % रोड रेस्टोरेंट, कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अनुपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत का एक दिन का वेतन रोके जाने हेतु आलेख प्रस्तुत करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में बिना बाधा के नियमित जलापूर्ति की जा रही है। उसकी सूची मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराये जिससे उसका सत्यापन कराया जा सके।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जिन जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉकवार नोडल नामित किया गया है, उनसे प्रत्येक 15 दिवस में आख्या मगवाकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा कराये।
- अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिए गए कि उनके कार्यालय में पेयजल योजनओं पर विधुत कनेक्शन हेतु धनराशि जमा होने के पश्चात भी विद्युत संयोजन का कार्य अत्यंत धीमा है। तत्काल कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें तथा प्रत्येक सप्ताह किए गए कार्य के प्रगति से स्वयं मुख्य विकास अधिकारी को अवगत भी कराये।
- तीनों फर्मों को निर्देशित किया गया की रोड रेस्टोरेंट के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त न हो साथ ही मोर्टेवल किए गए सड़कों का पुनः गुणवत्तापूर्ण पुर्नस्थापित करते हुए सूची भी उपलब्ध कराये। जिसका सत्यापन टी0पी0आई0 के द्वारा कराया जाए।

**5–टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।**

जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु टी0पी0आई0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज को नामित किया गया हैं। टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे कहीं भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

30.9.25

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 2529 / M-03 / 173 दिनांक 03/10/25

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) प्रयागराज।
9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
10–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।